भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.1958

14 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

एससीएम के अंतर्गत परियोजनाएं

1958. श्री जुएल ओरामः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा में स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत पहचान की गई स्लम विकास परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त प्रयोजनार्थ प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और क्या इस संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) को अंतिम रूप दे दिया गया है;

(ग) यदि हां, तो शुरू किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा क्या है; और

(घ) शहर-वार कार्य आदेश कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री कौशल किशोर)

(क) से (घ): भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) लॉन्च किया। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 दौर के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन किया गया है। ओडिशा राज्य में, 2 शहर अर्थात भुवनेश्वर और राउरकेला को स्मार्ट सिटी के रूप में विकास के लिए चुना गया है।

भुवनेश्वर स्मार्ट सिटी ने सूचित किया है कि एससीएम के अंतर्गत उनके द्वारा कोई स्लम विकास परियोजना शुरू नहीं की गई है। राउरकेला स्मार्ट सिटी ने सूचित किया है कि उन्होंने नागरिक-आधारित संपूर्ण स्वच्छता योजना (सीएलटीएस) के माध्यम से अपने क्षेत्र में 27 स्लम बस्तियों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने की एक परियोजना पूरी कर ली है। ओडिशा में स्मार्ट शहरों की एससीएम परियोजनाओं की स्थिति नीचे दी गई है:-

(राशि करोड़ रू.में)

स्मार्ट शहर	कुल जारी निधि (भारत सरकार +राज्य)	उसका उपयोग	जारी परियोजना		पूर्ण परियोजना		कुल परियोजनाएँ	
			परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि
भुवनेश्वर	997.93	911.86	6	495.73	27	1,587.06	33	2,082.79
राउरकेला	939.00	792.92	5	357.62	59	1,155.24	64	1,512.86
कुल	1,936.93	1,704.78	11	853.35	86	2,742.30	97	3,595.65

(स्रोत: 27 नवंबर 2023 तक भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली)

एससीएम के कार्यान्वयन की अवधि जून 2024 तक बढ़ा दी गई है और ओडिशा राज्य सहित सभी स्मार्ट शहरों से निर्धारित समय के अंदर अपनी परियोजनाओं को पूरा करने की उम्मीद है।

*****